# उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस – 10 सितम्बर 2016




## जनपद समन्वय समिति (जनपद का नाम)
## दिनांक :

# विभिन्न प्रकार के कृमि

- 1 से 19 साल के सभी बच्चों (लड़के और लड़कियों ) को आंत के कृमि संक्रमण का खतरा रहता है।
- कृमि मनुष्य की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए, मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं।

## कृमि कैसे फैलते हैं?

- कृमि संक्रमण अस्वच्छता के कारण होता है।
- संक्रमित मिट्टी के संपर्क द्वारा कृमि संक्रमण संचारित होता है।
- कृमि की जितनी अधिक मात्रा (तीव्रता) होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने अधिक होंगे।


हुक कृमि


व्हिप कृमि


राउंड कृमि

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Evidence Action
Deworm the World Initiative

# कृमि संक्रमण का संचरण चक्र

1. संक्रमित बच्चे के शौच में कृमि के अंडे होते हैं। खुले में शौच करने से ये अंडे मिट्टी में मिल जाते है और विकसित होते हैं।



2 अन्य बच्चे नंगे पैर चलने से, गंदे हाथों से खाना खाने से या फिर बिना ढ़का हुआ भोजन खाने से, लार्वा के संपर्क में आने से संक्रमित हो जाते हैं।

3. संक्रमित बच्चों में कृमि के अंडें व लार्वा रहते है और बच्चों के स्वास्थ्य पर हानि पहुचाँते है।

Source: Adapted from "Helminth control in school-age children: A guide for managers of control programmes" second edition, World Health Organization 2011

# कृमि संक्रमण का क्या प्रभाव होता है?

**कृमि संक्रमण बच्चों की पोषण संबंधी स्थिति को कई प्रकार से हानि पहुंचाता है :**

- कृमि पोषक ऊतकों से भोजन लेते हैं, जैसे रक्त, जिससे खून की कमी हो जाती है
- कुपोषण मे वृद्धि और शारीरिक विकास पर खास असर पड़ता है
- कृमि बच्चों के शरीर के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को खा लेते हैं, इससे खून की कमी, कुपोषण और वृद्धि में रुकावट आ जाती है
- राउंड कृमि आंत में विटामिन ए को अवशोषित कर लेते हैं

**बच्चों की शिक्षा और लंबे समय की कार्यक्षमता पर कृमि संक्रमण का प्रभाव**

- तीव्र कृमि संक्रमण के कारण बच्चे अकसर बीमार या थके हुए रहते हैं और पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पाते या स्कूल /आंगनवाड़ी भी नहीं जा पाते।
- कृमि संक्रमण से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण भविष्य में उनकी कार्यक्षमता और औसत आय में कमी आती है

**अध्ययन दर्शाता है कि स्कूल में कृमि नियंत्रण कार्यक्रम करने से बच्चो की अनुपस्थिति में 25% तक की कमी आती है**

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# कृमि संक्रमण से बचाव के तरीके

Evidence Action
Deworm the World Initiative



# कृमि संक्रमण का इलाज कैसे करें?



कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजॉल (400 mg) निःशुल्क उपलब्ध है।

**1 से 19 वर्ष के सभी बच्चों को आयु अनुसार ही खुराक दी जानी चाहिए।**

| S.No | आयु | एल्बेंडाजॉल (चबाने वाली गोली) |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 2 साल के बच्चों के लिए | एल्बेंडाजॉल (आधी गोली) |
| 2 | 2 से 19 साल के बच्चों के लिए | एल्बेंडाजॉल (पूरी गोली) |







**एल्बेंडाजॉल बच्चों व व्यस्कों, दोनों के लिए एक सुरक्षित दवाई है और इसका प्रयोग दुनिया भर में करोड़ों लोगों में कृमि संक्रमण का इलाज करने के लिए किया जाता है।**

# कृमि नियंत्रण के क्या लाभ हैं?

## सीधे फायदे

- यह खून की कमी में सुधार करता है।
- पोषण स्तर को बेहतर बनाता है।

## अनुमानिक फायदे

- स्कूल और आंगनवाड़ी में उपस्थिति तथा बच्चों में सीखने की क्षमता में सुधार लाने में मदद करता है।
- व्यस्क होने पर अधिक काम करने की क्षमता और आय में बढ़ोतरी में मदद करता है।
- वातावरण मैं कृमि की संख्या कम होने पर समुदाय को लाभ मिलता है।



# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस और मॉप अप दिवस पर किये जाने वाले कार्य

Evidence Action

Deworm the World Initiative

## 2. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर – दवा प्रदाएगी




आयु अनुसार ही खुराक दे।



गोली को अच्छे से चबाकर खाने का निर्देश दें, पीने का पानी साथ रखे।



छोटे बच्चों को गोली को चम्मच से पूरी तरह चूरा करके पीने के पानी में मिलाकर ही पिलाएं।

- टीचर और आंगनवाडी कार्यकार्ता एल्बेंडाजॉल की दवाई बच्चों को खुद ही अपने सामने खिलाए। घर पर ले जाने को नहीं दें।
- जो बच्चे बिमार हैं या कोई अन्य दवाई ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवाई ना दें।
- किसी भी चिकित्सक सहायता के लिए 108 नंबर पर फोन करें।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस -2016: अवलोकन एवं सफलता

- लक्ष्य सभी 1 से 19 साल के बच्चे ( लड़के और लड़कियों) को स्कूल व आंगनवाड़ी के माध्यम से कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाई जाएगी
- कृमि मुक्ति दिवस 2016 एक बडे स्तर पर लागू किये जाने वाला कार्यक्रम हैं, जिसके तहत **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (NDD)-** 10 फरवरी 2016 और मॉप–**अप दिवस** –15 फरवरी 2016, **32 राज्यों** और केंद्र शाषित प्रदेशो मे मनाया गया जिनमें **518 जिलों** ने भाग लिया था।
- **लक्षित लाभार्थी: 27 करोड़ बच्चे**
- **कुल बच्चे जिन्हें एल्बेंडाजॉल ंखिलायी गयी : 17.9 करोड**



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Evidence Action
Deworm the World Initiative

# उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस फरवरी-2016
## मुख्य सफलताएं

| संकेतक | परिणाम |
|---|---|
| कुल लक्षित (1–19 वर्ष) बच्चों की संख्या | 9356894 |
| नामांकित बच्चों की कुल संख्या (कक्षा 1–12) जिन्हें स्कूल मे एल्बेंडाजॉल खिलायी गयी | 3431773 |
| पंजीकृत बच्चों की कुल संख्या (1–5 साल) जिन्हें आंगनवाड़ी मे एल्बेंडाजॉल खिलायी गयी | 3586355 |
| गैर पंजीकृत बच्चों की कुल संख्या (1–5 साल), जिन्हें आंगनवाड़ी मे एल्बेंडाजॉल खिलायी गयी | 388107 |
| स्कूल ना जाने वाले बच्चों की कुल संख्या (6 से 19 साल) जिन्हें आंगनवाड़ी मे एल्बेंडाजॉल खिलायी गयी | 830419 |
| **कुल योग:** बच्चों की कुल संख्या जिन्हें स्कूल व आंगनवाड़ी मे एल्बेंडाजॉल खिलायी गयी | 8240036 |

स्त्रोत : उत्तर प्रदेश राज्य **NDD** फरवरी कवरेज रिर्पोट

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत राज्य में 36244 सरकारी शिक्षक , 40377 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, और 31114 आशा को प्रक्षिशण दिया गया।**

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (फरवरी 2016) - जनपदवार कवरेज की तुलना



# राज्य में कृमि मुक्ति की आवश्यकता

- राज्य में कृमि **76 %** Soil Transmitted Helminths (STH) का प्रीवेलेन्स .
- WHO के दिशानिर्देशों के अनुरूप राज्य में (STH) संचरण कम करने के लिए साल में **दो** बार कृमि मुक्ति दिवस मनाना चाहिए








# उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016

- सभी स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रो में 1 से 19 साल के बच्चों (लड़के और लड़कियों) को कृमि मुक्त करने हेतु समस्त सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल, और आंगनवाड़ी के माध्यम से 10 **सितम्बर** 2016 को 70 जनपदों में कृमि मुक्ति दिवस पर डिवर्मिंग की दवाई दी जाएगी

## कवरेज मे वृद्धि के लिए रणनीति

- आयु वर्ग के अनुसार लक्ष्य

1)सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों मे नामांकित बच्चे

2) आंगनवाडी में पंजीकृत (1-5 साल) बच्चे

4) स्कूल न जाने वाले (6-19 साल) और आंगनवाडी पर गैर पंजीकृत बच्चे (1-5 साल) बच्चे

- आशा के माध्यम से अधिक से अधिक गैर पंजीकृत और स्कूल न जाने वाले बच्चों को आंगनवाडी के माध्यम से इस कार्यक्रम का लाभ दिलाने में सहयोग करें




***मॉप अप दिवस उन बच्चों को दवाई दे जो अनुपस्थीति या बीमारी के कारण छूट गए हो**

# उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस **10 सितम्बर 2016** मॉप अप दिवस **17 सितम्बर 2016**

| **जनपद का नाम** | |
|---|---|
| **जनपद तथ्य** | **लक्ष्य** |
| कुल ब्लॉक | |
| कुल सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की संख्या | |
| सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में कुल नामांकित बच्चों की संख्या | |
| कुल आंगनवाडी केन्द्रो की संख्या | |
| आंगनवाडी में (1–5 वर्ष) पंजीकृत बच्चों की कुल संख्या | |
| आंगनवाडी में (1–5 वर्ष) गैर पंजीकृत बच्चों की कुल संख्या | |
| कुल स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या | |
| कुल लक्षित (1–19 वर्ष) बच्चों की संख्या | |

**स्त्रोत :**

# स्वास्थ्य विभाग की भूमिका और जिम्मेदारियां

- विभागों के साथ समन्वय
- पर्याप्त एल्बेंडाजॉल गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना
- मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षा विभाग, आई सी डी एस विभाग के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देने का प्रावधान
- वित्तीय दिशा–निर्देश / बजट को प्रदान करना
- प्रतिकूल घटना प्रबंधन दिशानिर्देश की जानकारी प्रदान करना
- **IEC** रणनीति का विकास और बजटीय आवंटन प्रदान करना
- प्रशिक्षण सामग्री, **IEC** सामग्री और रिपोर्टिंग प्रारूप का मुद्रण
- राज्य और जिला स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का उद्घाटन
- आशा के माध्यम से सामुदायिक जागरूकता सुनिश्चित करना
- निगरानी और कवरेज डेटा की समय पर रिपोर्टिंग



NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Evidence Action
Deworm the World Initiative

# आई सी डी एस विभाग की भूमिका और जिम्मेदारिया

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के प्रभावशाली क्रियांवयन हेतु स्वास्थ विभाग के साथ सहयोग एवं समन्वय प्रदान करना
- स्वास्थ्य विभाग के समन्वय द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता को दवा प्रदायगी तथा संभव प्रतिकूल घटना के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करना
- समुदाय जागरूकता की गतवधियां सुनिश्चित करना विशेषकर स्कूल न जाने वाले बच्चों के लिए
- 1–5 साल के सभी पंजीकृत और गैर–पंजीकृत बच्चों और 6–19 साल के स्कूल ना जाने वाले बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाना सुनिश्चित करना
- जो बच्चे बीमारी या फिर अनुपस्थिति के कारण छूट गए हो, उन्हें मॉप उप दिवस पर दवाई जरूर खिलाएं
- निगरानी और सहायक पर्यवेक्षण
- समय पर रिपोर्टिंग



# शिक्षा विभाग की भूमिका और जिम्मेदारिया

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के प्रभावशाली क्रियांवयन हेतु स्वास्थ विभाग के साथ सहयोग एवं समन्वय प्रदान करना
- स्वास्थ्य विभाग के समन्वय द्वारा टीचरो को दवा प्रदायगी तथा संभव प्रतिकूल घटना के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षित करना
- टीचर द्वारा समुदाय जागरूकता गतिविधियां जैसे प्रभात फेरी, अभिभावक– टीचर बैठक, विद्यालय प्रबन्धन समिति बैठक में कृमि नियंत्रण के लाभ और कार्यक्रम आयोजन की तिथियों के बारे में बताएं।
- स्कूल के सभी नामांकित बच्चों को कृमि नियंत्रण दवाई खिलाना
- जो बच्चे बीमारी या फिर अनुपस्थिति के कारण छूट गए हो, उन्हें मॉप उप दिवस पर दवाई जरूर खिलाएं
- निगरानी और सहायक पर्यवेक्षण
- समय पर रिपोर्टिंग



# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016- पोलिसी ऐडवोकेसी

**(Policy Advocacy)**

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस दिशा निर्देशों के अंतर्गत प्रत्येक श्रेणी में जिलेवार लक्षित बच्चों की संख्या पर समझौता
- सभी तीन विभागों (स्वस्थ्य, शिक्षा, आई सी डी एस) के साथ कार्यक्रम की आवधिक समीक्षा जिला समन्वय समिति की बैठक (DCCM) द्वारा 16 **अगस्त** 2016 **तक** करना | मॉप अप डे से पूर्व एक जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन, जिससे मॉप अप दिवस की तैयारी की जा सके
- कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी के लिए ब्लॉक समन्वय समिति (BCCM) का गठन व् उप–प्रभागीय न्यायधीष की अध्यक्षता में समीक्षा
- स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारीयों की भागीदारी राज्य वीडियो सम्मलेन में की जाए
- शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग से समन्वय प्रधानाध्यापक/नोडल टीचर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, लेडी सुपरवाइजर, ANM, का संपर्क डेटाबेस को अद्यतन कर स्वास्थय विभाग के साथ 30 **अगस्त** 2016 तक दें

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 - ड्रग प्रोक्योरमेंट एवं वितरण

## ड्रग प्रोक्योरमेंट (क्रय) एवं वितरण

- जनपद में स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्रो मे बच्चों के लिए लगभग ______ एल्बेंडाजोल (400 mg) दवाई की आवश्यकता है

## ड्रग बंडलिंग (Bundling)

- दवाई को ब्लॉक / योजना के आधार पर स्कूल और आंगनवाड़ी के लिए **ड्रग बंडलिंग** शुरू किया जाना चाहिए

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 . ड्रग प्रोक्योरमेंट एवं वितरण

## राज्य गोदाम (वेयरहाउस)

District Program Manager (DPM) राज्य गोदाम (वेयरहाउस) द्वारा से दवाई प्राप्त करना

**समय–सीमा : 25 August, 2016**

## सिविल सर्जन कार्यालय (जिला)

सिविल सर्जन कार्यालय में नोडल अफसर (DPM) ब्लॉक स्वास्थय प्रबंधक (BPM) और MOIC को PHC में दवाई वितरण के लिए जिम्मेदार होंगे

**समय–सीमा : 31 August, 2016**

## PHC (ब्लॉक)

**BPM** और **MOIC** जिम्मेदार होंगे **BRC** और **CDPO** को दवाई वितरण के लिए

**समय–सीमा : 31 August, 2016**

टीचर और हेडमास्टर को ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण 1 - 5 **सितम्बर** के दौरान दवाई, IEC एवं प्रषिक्षण सामग्री का एकीकृत वितरण सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर कार्यरत ABSA/NPRC जिम्मेदार होंगे

लेडी सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पीएचसी संयुक्त प्रशिक्षण के दौरान दवाई, IEC एवं प्रषिक्षण सामग्री का एकीकृत वितरण सुनिश्चित करने के लिए MOIC और CDPO जिम्मेदार होंगे

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 - NDD किट एकीकृत वितरण

- सभी प्रशिक्षण और **IEC** सामग्री का समय पर मुद्रण **25 अगस्त** तक
- स्वास्थ्य विभाग कार्यक्रम से जुडी सभी सामग्री (दवाई, **IEC** एवं प्रशिक्षण सामग्री, रिपोर्टिंग **फॉर्म**) की बंडलिंग सुनिश्चित करे और ब्लॉक और सेक्टर प्रशिक्षण मे एकत्रित वितरण के माध्यम से हेडमास्टर और आंगवाड़ी कार्यकर्ता को वितरण सुनिश्चित करे
- ब्लॉक स्तर प्रशिक्षण से पूर्व ब्लॉक बंड्ल्स **PHC** पर उपलब्ध हो
- एकत्रित वितरण के लिए तीनो हितकारी विभागों से समन्वय भी आवश्यक होगा




*एकत्रित वितरण के द्वारा NDD पर स्कूल एवं आंगनवाड़ी में दवाई और अन्य समग्री पहुंचने के लिए मत्वपूर्ण है*

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 - एकीकृत वितरण समय सीमा

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** (NDD)किट का परिवाहन BRC / CDPO कार्यालय के लिए: 30 **अगस्त** तक

हेडमास्टर/ टीचर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के दौरान **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** (NDD)किट का वितरण, 1 – 5 **सितम्बर** तक

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016–प्रशिक्षण प्रणाली

**प्रशिक्षण धारावाहिक**

## राज्य

**स्थान–लखनऊ**
**प्रशिक्षक: एविडेन्स एक्शन**
**प्रतिभागी: 70 मास्टर ट्रेनर्स (01 मास्टर ट्रेनर प्रति जनपद)**
**दिनांक: 29–30 जून, 2016**

## जनपद

**स्थान– 70 जनपद**
**प्रशिक्षक: 70 डीसीपीएम –मास्टर ट्रेनर्स (01 मास्टर ट्रेनर प्रति जनपद)**
**प्रतिभागी: स्वास्थ्य, शिक्षा, आई.सी.डी.एस के जनपद व ब्लॉक अधिकारी**
**प्रस्तावित दिनांक: 22 – 31 अगस्त 2016**

## ब्लॉक

**स्थान– 751 ब्लॉक**
**प्रशिक्षक: स्वास्थ्य, शिक्षा, आई.सी.डी.एस के ब्लॉक अधिकारी(01 ट्रेनर प्रति ब्लॉक )**
**प्रतिभागी: स्वास्थ्य (एएनएम/आशा), शिक्षा (शिक्षक/हेडमास्टर), आई.सी.डी.एस (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सुपरवाईज़र)**
**प्रस्तावित दिनांक: 1 – 5 सितम्बर, 2016**

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 - साईड इफेक्टस् का प्रबंधन

- राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर **साईड इफेक्टस् का प्रबंधन**
- एडवर्स इवेंट प्रोटोकॉल (प्रतिकुल घटना जानकारी प्रपत्र) को सभी **CMO, MOIC,** और अन्य अधिकारीयों को वितरित करें और सुनिश्चित करे की सभी स्तर पर अधिकारी प्रषिक्षित हों।
- सभी ब्लाक को **साईड इफेक्टस्** के **प्रबंधन के लिए** निर्देश जारी करें **-**ब्लॉक स्तरीय आपातकालीन टीम गठित हो सके, आपातकालीन नंबर **108** की जानकारी शिक्षा एवं महिला बल विकास को दें ,गम्भीर प्रतिकूल घटना की जानकारी रिपोर्ट में दर्ज करे
- **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति** के समय किसी भी रिपोर्टेड प्रतिकूल घटना का जिला **RBSK** टीम के साथ समन्वय आवष्यक होगा
- MO-PHC **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति** और मॉपअप दिवस में सभी आवश्यक दवाई की उप्लभ्धता सवास्थ्य केंद्र में सुनिश्चित करें जो ,एडवर्स इवेंट प्रोटोकॉल में उल्लेख्य है
- गंभीर प्रतिकूल घटना के मामलों की रिपोर्टिंग

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016– समुदायक जागरूकता एवं संगठन

| IEC गतिविधियां | कार्यान्वयन |
|---|---|
| • केबल टी वी / माईकिंग / दीवार लेखन | स्वास्थ्य विभाग |
| • समुदायक जागरूकता सुबह होने वाली एसेम्बली मे, कक्षा में पढ़ाते समय, अभिभावकों और माता पिता को मीटिंग में इस कार्यक्रम के बारे में बताएँ (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति से दो सप्ताह पूर्व ) | शिक्षा विभाग |
| • ग्राम पंचायत एवम् वी.एच.एस.एन.सी. मीटिंग द्वारा समुदाय के लोगों को जागरूक करने में आशा का मार्गदर्शन/मदद करें | WCD/ आई सी डी एस |
| • आंगनवाड़ी मासिक बैठक में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में बातचीत करे (राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से दो सप्ताह पूर्व ) | WCD /आई सी डी एस |
| • आशा स्कूल न जाने वाले बच्चों का राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस से एक सप्ताह पूर्व से समुदाय संगठन करना शुरू करे | स्वास्थ्य विभाग |

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय उद्घाटन समारोह जिला कलेक्टर या अन्य गणमान्य व्यक्ति (क्षेत्र के सांसद, विधायक, जिला प्रमुख आदि) द्वारा सुनिश्चित किया जाये।**

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 –कार्यक्रम निगरानी (Monitoring)

Evidence Action

Deworm the World Initiative

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं मॉप अप दिवस कार्यक्रम की निगरानी हेतु प्रतिबद्ध बजट **PIP** में उपलब्ध हो तथा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्कूल एवं आंगनवाडी की ''मैदानी निगरानी'' हेतु सुक्ष्म योजना तैयार की गई हो
- **RBSK Mobile Health Teams** एवं आयुष चिकित्सको द्वारा ब्लॉक स्तर पर **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी की जायेगी एवं टीम द्वारा कम से कम चार स्कूल/आंगनवाडी **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** एवं मॉप अप डे पर दौरा की जायेगी
- **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** की मैदानी स्तर पर निगरानी हेतु समस्त निगरानी समुह, राज्य, जिला, ब्लॉक, स्तरीय NDD निगरानी प्रपत्र का प्रयोग करेंगे।
- जो भी निगरानी प्रपत्र अधिकारी एवं समुह द्वारा प्रयोग किया जाएगा उन्हे राज्य नोडल अधिकारी स्वास्थ्य विभाग को **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** कवरेज डाटा के साथ प्रेषित करना आवश्यक होगा।

NATIONAL DEWORMING DAY MONITORING FORM

DATE OF VISIT (Tick the box as applicable): ☐ National Deworming Day (__/__/2016)
☐ Mop-Up Day (__/__/2016)

| GENERAL INFORMATION | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Name & Mobile No. of Monitoring Officer | Monitoring Site | School / AWC Name | School/ DISE/ AWC Code | State | District | Block | Ward / Village |
| | 1. Government school<br>2. Private School<br>3. Anganwadi | | | | | | |

**MONITORING SECTION: Circle the correct option based on your observations and interviews**

**NDD Observations**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Does the school/AWC have deworming drugs? | 1. YES | 2 NO |
| 2. | Are the drugs available in sufficient quantity to deworm the enrolled as well as out of school/unregistered children? | 1. YES | 2 NO |
| 3. | What is the expiry date of the drugs? | | |
| 4. | Does the school/AWC have the following provisions for the deworming process? Circle all that apply<br>1. School/AWC Reporting Form 2. Drinking Water 3. ORS Packets 4. None of these | | |
| 5. | Are the deworming drugs being administered to children? | 1. YES | 2 NO |
| 6. | If NO, why deworming is not happening at school/Anganwadi? | | |
| 7. | If YES, who is administering the drugs to the children? Circle all that apply<br>1. AWW 2. Teacher/ Principal 3. ASHA 4. Other (specify)............................. | | |
| 8. | Is the ASHA present at the AWC? | 1. YES | 2 NO |
| 9. | Is the ASHA assisting the AWW in the deworming process? | 1. YES | 2 NO |
| 10. | Is the teacher/AWW separating sick children from healthy children before deworming? | 1. YES | 2 NO |
| 11. | Did the teacher/AWW tick (✓✓✓) each child's name in the attendance register after giving them the drug? | 1. YES | 2 NO |
| 12. | Did the ASHA / AWW make a list of the out of school/unregistered children who got the drug?<br>1. YES 2. NO 3. Out-of-school children did not receive drugs at this AWC | | |
| 13. | Are out of school children getting deworming drug in the school/AWC? | 1. YES | 2 NO |
| 14. | Are teachers giving any health education related to deworming to the students? | 1. YES | 2 NO |
| 15. | Whether children are given appropriate dose (half tablet for 1-2 years/one tablet for 2-19 years) of albendazole by teacher/AWW? | 1. YES | 2 NO |
| 16. | Are teacher/AWW asking children to take tablets in front of them only? | 1. YES | 2 NO |
| 17. | Whether children are told to chew the tablet before swallowing it? | 1. YES | 2 NO |
| | **Training Aspects** | | |
| 18. | Have you or any other person from your school/AWW attended official training for deworming in the last two months? | | |

***NDD निगरानी प्रपत्र (ब्लॉक/जिला/राज्य)**

# NDD मोबाइल/वेब एप्लीकेशन

- इसका प्रयोग ब्लॉक स्तर की डाटा प्रविष्टि (entry) हेतु किया जाएगा।
- जिला स्तर पर इसका प्रयोग डाटा की समीक्षा (review) एवं अनुमोदन (approve) हेतु किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर इसका प्रयोग डाटा को देखन (view) एवं विष्लेषण (analysis) कर अगस्त **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** 2016 की रिपोर्ट जमा करने हेतु किया जाएगा।
- इस App के दो संस्करण उपलब्ध हैं, 1. मोबाईल (android aap) 2. वेब संस्करण

➢ **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** App के साथ कागजी रिपोर्टिंग करना भी आवश्यक होगा।




* **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** *App की अधिक जानकारी के लिए* **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** *Manual का उल्लेख करे*

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अगस्त 2016 – रिपोर्टिंग प्रणाली

| क्र. | स्तर | अधिकारी | प्रस्तुत करना | प्रपत्र | दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्कूल | प्रधानाध्यापक | ANM जिसके क्षेत्र में स्कूल आता है | स्कूल रिपोर्टिंग फॉर्म | 22 सितम्बर 2016 |
| 2 | आंगनवाडी | आंगनवाडी कार्यकर्ता | ANM जिसके क्षेत्र मे आंगनवाडी आती है | आंगनवाडी रिपोर्टिंग फॉर्म | |
| 3 | आंगनवाडी | आशा | ANM जिसके अंतर्गत आशा कार्य कर रही हो | आशा मानक रिपोर्टिंग प्रारूप | |
| 4 | उप केन्द्र स्तर | ए.एन.एम | चिकित्सा अधिकरी | समस्त स्कूल, आंगनवाडी रिपोर्टिंग फॉर्म एवं आशा मानक रिपोर्टिंग प्रारूप | 29 सितम्बर 2016 |
| 5 | ब्लाक स्तर | चिकित्सा अधिकारी | जिला M&Eअधिकारी | ब्लॉक स्तरीय सामान्य रिपोर्टिंग प्रारूप, निगरानी प्रपत्र तथा **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** App रिपोर्ट | 9 अक्टूबर 2016 |
| 6 | जिला स्तर | जिला M&Eअधिकारी | राज्य नोडल अधिकारी | जिला स्तरीय सामान्य रिपोर्टिंग प्रारूप, निगरानी प्रपत्र तथा **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** App रिपोर्ट | 16 अक्टूबर 2016 |
| 7 | राज्य स्तर | राज्य नोडल अधिकारी | Child health MoHFW | राज्य स्तरीय सामान्य रिपोर्टिंग प्रारूप, निगरानी प्रपत्र तथा **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** App रिपोर्ट | 27 अक्टूबर 2016 |

**NDD App/web portal** द्वारा भी डॉटा की **entry** तथा संकलन का **राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस** रिपोर्टिंग प्रणाली की अनुरूप उसी समय सीमा में किया जायेगा।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन




# धन्यवाद

**राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस– 10 सितम्बर 2016**